शिक्षा विभाग

बिहार सरकार

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, बिहार, पटना–800006

राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा Academic Year-2025-26 (Project Year-2026-27) का परीक्षाफल प्रकाशन एवं छात्रवृत्ति भुगतान सम्बन्धी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, महेन्द्रू, पटना द्वारा दिनांकः–11.03.2026 (बुधवार) को राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा Academic Year-2025-26 (Project Year-2026-27) आयोजित की गई थी। Provisional Answer Key SCERT, Patna के Website पर Upload किया गया था। तत्पश्चात् परीक्षार्थियों से प्राप्त आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों के द्वारा निष्पादनोपरान्त Recommended Final Model Answer Key परिषद् के website https://scert.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया। वर्त्तमान में पूर्णाक एवं प्राप्तांक की गणना कर न्यूनतम अर्हतांक निम्न प्रकार निर्धारित किया गया हैः–

क्र0 सं0	विषय	गलत प्रश्नों की संख्या	कुल सही प्रश्नों की संख्या (अर्थात् पूर्णांक)	न्यूनतम अर्हतांक	
				सामान्य कोटि एवं अन्य (40%)	अनुसूचित जाति/जनजाति एवं निःशक्त (32%)
01	MAT	–	90	36	29
02	SAT	–	90	36	29

उक्त परीक्षा में जिलावार निर्धारित कोटा के अनुसार मेधा सूची के अन्तर्गत आने वाले सफल परीक्षार्थियों का परीक्षाफल राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार, पटना के website https://scert.bihar.gov.in पर उपलब्ध है। परीक्षाफल की सॉफ्ट कॉपी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को email के माध्यम से भी भेजी जा रही है। सभी सफल परीक्षार्थियों का Individual Result Card एवं परीक्षाफल, संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाएगा। सफल परीक्षार्थी अपने जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से अपना परीक्षाफल कार्ड प्राप्त कर सकेंगे।

परीक्षा में सफल छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति हेतु शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली द्वारा विकसित National scholarship Portal (NSP) पर Online apply करेंगे। शैक्षिक सत्र 2026-27 (कक्षा IX) की छात्रवृत्ति के लिए National scholarship Portal पर Online apply करने की तिथि की सूचना www.scholarships.gov.in पर visit कर प्राप्त कर सकेंगे। सर्व प्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा अपने विद्यालय को National Scholarship Portal पर Registration किया जायेगा। तत्पश्चात् जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0) के द्वारा उक्त Registration का Verification किया जायेगा। जिन विद्यालयों का NSP पर Registration हो चुका है। NSP पर Registered विद्यालय के तथा दिनांक 11.03.2026 (बुधवार) को आयोजित NMMSS परीक्षा में सफल छात्र–छात्रा छात्रवृत्ति हेतु NSP पर online आवेदन करेंगे। उक्त आवेदन को संबंधित प्रधानाध्यापक Online Verification करेंगे। तत्पश्चात् उक्त आवेदन को संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी Online Verification करेंगे। इसके उपरान्त ही शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली के द्वारा राशि की स्वीकृति के उपरान्त छात्रवृत्ति भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

यदि किसी कारणवश सफल परीक्षार्थियों को ससमय Result Card उपलब्ध नहीं हो पाता है तो जिला शिक्षा पदाधिकारी परिषद् के email id- exam.scertpatna@gmail.com से प्राप्त परीक्षाफल के आधार पर सफल परीक्षार्थियों को Online Application एवं Verification की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। किसी भी संशय की स्थिति में सम्बन्धित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

(सज्जन आर.)

निदेशक

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्,

बिहार, पटना–06